देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 197 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 12 नवंबर 2023

शुभ दीपावली

सभी देशवासियों को पेज थ्री की ओर से.... दीपावली की हार्दिक शुभकांमनाए

मौसम अधिकतम 24.0° न्यूनतम 15.0°

64904.68

2 हिजबुल्लाह के आतंकी ठिकानों पर हमला
7 एबीडी ने की बड़ी भविष्यवाणी

# 21 लाख दीयों से जगमगाई रामनगरी

## राम की पैड़ी पर भव्य नजारा, देश ही नहीं विदेशों से भी आए श्रद्धालु

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अयोध्या। अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिवाली की पूर्व संध्या पर सरयू नदी के तट पर आरती की। उससे पहले राज्याभिषेक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज हमारी पीढ़ी बेहद सौभाग्यशाली है कि भगवान राम लला यहां विराजने के लिए आ रहे हैं। भगवान राम ने खुद कहा है कि वे उनके प्रिय वासी हैं तो हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि जब भगवान आ रहे हों तो 22 जनवरी को विराजमान करने के लिए उनके स्वागत की भव्य तैयारी करने के लिए खुद को तैयार रखना होगा।

आरती के बाद अब सरयू नदी के घाट पर दीये जलाए गए। इसके साथ ही राम की पैड़ी पर एक नया रिकॉर्ड भी बना। हर साल दिवाली के दिन उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम किया जाता है। दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राज्यपाल और मुख्यमंत्री पहुंचे। घाटों पर लाखों दीये को जलाया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने दीप प्रज्वल को रेखांकित किया है। हमारी पीढ़ी बेहद सौभाग्यशाली है कि भगवान राम लला यहां विराजने के लिए आ रहे हैं। अयोध्या वासियों को भगवान राम ने खुद कहा है वे उनके प्रिय वासी हैं।

सीएम योगी ने कहा कि हजारों साल पहले भगवान राम अयोध्या आए और इस इतिहास को यादगार बनाने के लिए राज्य सरकार के द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। उस वक्त कैसे भगवान राम यहां आए होंगे। संतों की इसमें अहम भूमिका रही। ये एक यूनिक कार्यक्रम बन रहा है। पीएम नरेंद्र मोदीने भी इसमें योगदान दिया। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर काम कर रही है। यहां निजी निवेश भी हो रहा है। जब यहां राम विराजमान होंगे। तो कई करोड़ों रुपये की परियोजनाएं चालू होंगी। लोगों को रोजगार मिलेगा।

वहीं राज्यपाल ने दीपोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वोकल फॉर लोकल का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि दिवाली पर हमें ऐसे सामान की खरीद करनी चाहिए, जिसमें हमारे देश के लोगों के पसीने की खुशबू हो। जो हमारे देश के लोगों के टैलेंट को प्रदर्शित करती हो। उन्होंने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी।



### 22 जनवरी के लिए रहिए तैयारः सीएम योगी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि भगवान श्रीराम 500 वर्षों बाद अपने मंदिर में स्थापित होने जा रहे हैं। हमलोगों की पीढ़ी को यह अवसर मिला है। 22 जनवरी 2024 का दिन ऐतिहासिक होने वाला है। इस दिन पीएम मोदी भव्य राम मंदिर के उद्घाटन करने आ रहे हैं। इस दिन को हमें मिलकर दीपोत्सव की तरह ही भव्य बनाना है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि होगी। इसके लिए अयोध्या के लोगों को दिल खोलकर श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार रहना चाहिए।

### डबल इंजन की सरकार की उपलब्धियां गिनाई

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच पर कहा कि सरकार ने उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना, हर गरीब को सरकार की तरफ से सुविधाएं मिल रही हैं। कोरोना काल में हमने दीपोत्सव मनाया गया। फ्री में वैक्सीन, दवा दी गई। पीएम मोदी के अहम योगदान की वजह से कोरोना बीमारी गायब हो गई। अगले पांच सालों तक फ्री में राशन यूपी की जनता को मिलेगा। भगवान राम को आदर्श मानकर डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। बीते नौ वर्षों में मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश में पिछले छह सालों में हमने इन कार्यक्रमों को लागू किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### एमपी चुनाव के लिए बीजेपी की घोषणा जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए सत्तारूढ़ बीजेपी ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि संकल्प पत्र से पहले सभी को दीपावली की सभी को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि समय के साथ–साथ मेनिफोस्टो की महत्वा घटती गई है क्योंकि राजनीतिक दलों ने घोषणा पत्र के जरिए झूठ बोला है।

### चंद्रयान–3 को लेकर केंद्रीय मंत्री ने दी खुशखबरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने चंद्रयान–3 और आदित्य एल1 मिशन की सफलता का श्रेय सार्वजनिक–निजी भागीदारी के माध्यम से अंतरिक्ष के क्षेत्र को खोलने की पीएम मोदी की नीति को दिया और खुशखबरी देते हुए कहा कि अमेरिका और रूस भी इन परियोजनाओं को लेकर भारत द्वारा जानकारी साझा किए जाने का उत्सुकता से इंतजार करते हैं।

# भारत दुनिया में सबसे अधिक डिजिटल ट्रांजेक्शन करने वाला देश

## मुख्यमंत्री धामी ने कुम्हार मंडी क्षेत्र का किया भ्रमण

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को कुम्हार मंडी क्षेत्र का भ्रमण कर दीपावली के अवसर पर मिट्टी के दिये व अन्य सामान तैयार करने वाले कुम्हारों से मिले तथा उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने स्वयं भी मिट्टी के दिये क्रय कर सभी से मिट्टी के दिये क्रय करने तथा दीपावली पर मिट्टी के दिये जलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मिट्टी के दिये दीपावली के पर्व को पावनता प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों के घरों में दीपावली पर जलने वाले दिये कुम्हारों की खुशहाली तथा आर्थिक समृद्धि का भी माध्यम बनते हैं।

मुख्यमंत्री ने क्रय किये गये दियों का डिजिटल माध्यम से भुगतान करते हुए, उन्होंने कहा कि डिजिटल ट्रांजेक्शन देश में तेजी से बढ़ा है। भारत दुनिया में सबसे अधिक डिजिटल ट्रांजेक्शन करने वाला देश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने डिजिटलाईजेशन के क्षेत्र में तेजी से प्रगति की है। कुछ वर्षों में यूपीआई तेजी से हमारी अर्थव्यवस्था और आदतों का हिस्सा बन गया है। यह डिजिटल भारत की नींव है, यह अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक डिजिटल सेवाएं पहुंचाने का माध्यम है।

मुख्यमंत्री ने सुख, समृद्धि और संपन्नता के प्रतीक दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुये कहा कि माँ लक्ष्मी और भगवान श्री गणेश जी के आशीर्वाद से सभी के जीवन में सुख समृद्धि, शांति एवं आरोग्य का संचार हो।

### 'वोकल फ०र लोकल' के मंत्र को करे आत्मसात

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दीपावली पर प्रधानमंत्री मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को आत्मसात करते हुए स्थानीय उत्पादों के प्रचार एवं प्रसार को हम सभी अधिक से अधिक बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की पूर्ति में भी अपना योगदान दे सकते हैं इससे हमारे पारम्परिक उत्पादों को भी पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में लोग यदि स्थानीय उत्पादों के क्रय पर ध्यान दे तो हमारा देश भी आर्थिक रूप से मजबूत बनेगा तथा स्थानीय उत्पादकों का बनोबल भी बढ़ेगा।

# एनसीआर में फिर आया भूकंप, दिल्ली में ही केंद्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली में एक बार फिर शनिवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। उत्तरी दिल्ली में दोपहर तीन बजकर 36 मिनट पर ये झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.6 आंकी गई है। भूकंप आने के बाद दिवाली की तैयारियों में जुटे लोगों में दहशत का माहौल हो गया और सभी लोग अपने–अपने घरों से बाहर निकल आए। बता दें इस महीने में तीसरी बार दिल्ली एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं।

बीते कुछ महीनों में दिल्ल–एनसीआर की धरती दिल्ली के भूकंप के तेज झटकों से कई बार हिल चुकी है। इसके चलते लोगों में डर लगा रहता है कि दिल्ली में कहीं बड़ा भूकंप नहीं आ जाए। इसका अंदेशा लंबे समय से लगाया जा रहा है। भूकंप को लेकर एक्सपर्ट का मानना है कि दिल्ली में बड़ी तीव्रता का भूकंप आ सकता है, क्योंकि दिल्ली भूकंपीय क्षेत्रों के जोन 4 में स्थित है। जानकारों के मुताबिक, देश को इस तरह के चार जोन में बांटा गया है। जोन–4 में होने की वजह से दिल्ली भूकंप का एक भी भारी झटका बर्दाश्त नहीं कर सकती। दिल्ली हिमालय के निकट है जो भारत और यूरेशिया जैसी टेक्टॉनिक प्लेटों के मिलने से बना था। धरती के भीतर की इन प्लेटों में होने वाली हलचल की वजह से दिल्ली, कानपुर और लखनऊ जैसे इलाकों में भूकंप का खतरा सबसे ज्यादा है।

### भूकंप

■रिक्टर स्केल पर भूकंप की 2.6 आंकी गई तीव्रता

### 3 नवंबर को नेपाल में आया था भूकंप

जर्मन रिसर्च सेंटर के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.2 पर मापी गई। वहीं नेशनरल सेंटर फॉर सिस्ध्मोलॉजी के अनुसार तीव्रता 6.4 रही थी। भूकंप का केंद्र का नेपाल में था।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# क्या मैं सबका दूल्हा भाई हूं?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। तेलंगाना में 30 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। वहीं, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के बीआरएस के साथ हो जाने से राज्य में मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। इस बीच, ओवैसी और बीआरएस को लेकर भाजपा के एक पोस्टर को लेकर सियासत तेज हो गई है।

### पोस्टर पर असदुद्दीन ओवैसी का भाजपा पर पलटवार

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इस पोस्टर को लेकर भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि क्या में दूल्हा भाई हूं। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा के निकाहनामा पोस्टर पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि पीएम मोदी की तस्वीर भाजपा के लिए काम नहीं कर रही है।

उन्होंने कहा कि क्या मैं सबका दूल्हा भाई हूं? बीजेपी ने एक कार्टून बनाया है जिसमें मैं कांग्रेस और बीआरएस की शादी में काजी हूं। मुझे पीएम के बारे में पता चला उनकी फोटो भाजपा के लिए काम नहीं कर रही है इसलिए उन्होंने मेरी फोटो लगा दी है। आपको ऐसे व्यक्ति की तस्वीर लगानी चाहिए थी जो अविवाहित है।

# 401वीं ब्रिगेड ने किया 150 आतंकवादियों का सफाया

## हिजबुल्लाह के आतंकी ठिकानों पर हमला, मौतों के लिए हमास जिम्मेदार

युद्ध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



तेल अवीव। इजरायल–हमास जंग का आज 35वां दिन है और इजरायल रक्षा बल की 401वीं ब्रिगेड ने शनिवार को लगभग 150 आतंकवादियों को मार गिराया है। बता दें कि आईडीएफ ने उत्तरी गाजा में हमास के गढ़ों पर नियंत्रण कर लिया है। एक्स पर अपडेट देते हुए आईडीएफ ने कहा, ऑपरेशनल अपडेट 401वीं ब्रिगेड ने लगभग 150 आतंकवादियों को खत्म कर दिया है और उत्तरी गाजा में हमास के आतंकवादी गढ़ों पर नियंत्रण हासिल कर लिया है। इस टारगेट में हथियार उत्पादन साइट लॉन्चिंग स्टेशन एक भूमिगत नेटवर्क शामिल हैं।

आईडीएफ ने लेबनान में हिजबुल्लाह से संबंधित कई आतंकवादी ठिकानों पर भी हमला किया। आईडीएफ ने कहा कि ये हमले पिछले दिनों किए गए प्रक्षेपणों के जवाब में किए गए। एक्स पर साझा किए गए एक पोस्ट में, आईडीएफ ने कहा कि आईडीएफ विमानों ने पिछले दिन लॉन्च के जवाब में लेबनान में हिजबुल्लाह से संबंधित आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। इस टारगेट में आतंकवादी बुनियादी ढांचा और सैन्य चौकियां, हथियार डिपो, खुफिया बुनियादी ढांचा शामिल है।

आईडीएफ ने कहा कि तीन विमानों ने लेबनान से इजरायली क्षेत्र में घुसपैठ की। आईडीएफ ने कहा कि उसकी हवाई रक्षा श्रृंखला ने एक को रोक लिया जबकि अन्य दो उत्तर में गिरे। आईडीएफ ने बताया कि उसकी आर्टिलरी कोर की 7वीं ब्रिगेड ने गाजा में हमास सैन्य चौकी और एक ट्रेनिंग कंपाउंड में परिचालन गतिविधियां संचालित कीं।

आईडीएफ के मुताबिक, सैनिकों ने हमास नेता याह्या सिनवार के भाई मुहम्मद सिनवार के कार्यालय की तलाशी ली। इसके अलावा, सैनिकों ने इमारतों को सुरक्षित किया और दर्जनों हथियार जब्त किए जिनमें मिसाइलें, यूएवी, मानचित्र, संचार उपकरण, मोर्टार, हमलावर ड्रोन और तकनीकी संपत्तियां शामिल हैं। आईडीएफ ने एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि सैनिकों ने लगभग 30 आतंकवादियों को मार गिराया है।

इस बीच, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के इजरायल से गाजा में नागरिकों पर हमला बंद करने के आह्वान का जवाब दिया। रिपोर्ट के अनुसार, नेतन्याहू ने जोर देकर कहा कि इन मौतों के लिए हमास जिम्मेदार है, न कि इजरायल। उन्होंने आगे कहा कि इजरायल गाजा में नागरिकों को नुकसान पहुंचाने से बचने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, जबकि हमास उन्हें सुरक्षित क्षेत्रों में जाने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

नेतन्याहू ने एक बयान में कहा, इजरायल नागरिकों को नुकसान पहुंचाने से बचने के लिए सब कुछ कर रहा है और उन्हें लड़ाई के क्षेत्रों को छोड़ने के लिए कह रहा है। हमास–आईएसआईएस उन्हें सुरक्षित क्षेत्रों में जाने से रोकने के लिए सब कुछ कर रहा है और उन्हें मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हमास श्मानवता के खिलाफ अपराध में क्रूरतापूर्वक हमारे बंधकों – महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को पकड़ रहा है और स्कूलों, मस्जिदों और अस्पतालों को आतंकी कमांड सेंटर के रूप में उपयोग करता है।

## न्यूज डायरी



### पाकिस्तान से निर्वासित किए जा रहे भारी संख्या में अफगान शरणार्थी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। पाकिस्तान द्वारा अफगान शरणार्थियों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार और बलपूर्वक निर्वासित किए जाने पर तालिबान ने प्रतिक्रिया दी है। टोलो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने कहा कि इस कदम से पाकिस्तान के प्रति अफगानों का अविश्वास बढ़ेगा। उन्होंने अफगानिस्तान में आतंकवादी पनाहगाहों की मौजूदगी से भी इनकार किया। मुजाहिद की प्रतिक्रिया बलूचिस्तान के कार्यवाहक सूचना मंत्री जान अचकजई के एक दावे के बाद आई है। उन्होंने कहा था कि श्उनकी सरकार श्राज्य के फैसलेश के साथ पाकिस्तान में कानूनी दस्तावेजों के साथ रहने वालों के खिलाफ भी यही अभियान शुरू करेगी। यह सभी अवैध आप्रवासियों को वापस भेजने का एक संप्रभु राज्य का निर्णय है। उन्होंने अपने बयान में कहा था कि चुनाव के बाद कोई भी राजनीतिक सरकार सत्ता में आए, यह प्रक्रिया जारी रहेगी। डॉन के मुताबिक, नई सरकार इस नीति का पालन करने के लिए बाध्य होगी। टोलो न्यूज के मुताबिक, इससे पहले अचकजई ने अफगान अधिकारियों से डूरंड रेखा के पार से अफगानिस्तान आने वाले शरणार्थियों को सौंपने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा कि अफगान धरती का इस्तेमाल पाकिस्तान के खिलाफ किया जाता है। हालांकि, तालिबान के प्रवक्ता ने अचकजई की टिप्पणियों का खंडन किया और कहा कि अफगान धरती का इस्तेमाल किसी के खिलाफ नहीं किया जाता है।

### न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स पर एफबीआई की कार्रवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। राजनीतिक धन उगाही की जांच के तहत एफबीआई ने न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स से फोन और एक आईपैड जब्त कर लिया। एफबीआई ने एडम्स से फोन और आईपैड उस वक्त जब्त किया जब वह मैनहट्टन में एक सार्वजनिक कार्यक्रम छोड़ रहे थे। एफबीआई की कार्रवाई की जानकारी उनके वकील ने दी। मेयर के वकील बॉयड जॉनसन ने कहा, सोमवार रात को एफबीआई ने एक कार्यक्रम के बाद मेयर से संपर्क किया। मेयर ने तुरंत एफबीआई के अनुरोध का पालन किया और उन्हें अपना मोबाइल फोन और आईपैड उपलब्ध कराए। वकील ने कहा, महापौर पर किसी भी गलत काम का आरोप नहीं लगाया गया है और वह जांच में सहयोग करना जारी रखेंगे। संघीय एजेंटों द्वारा एडम्स के शीर्ष अभियान फंडराइजर ब्रायनना सुग्स के ब्रुकलिन घर की तलाशी के चार दिन बाद हुई। एक बयान में पूर्व पुलिस कप्तान एडम्स ने कहा कि उनके पास षछिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा, कानून प्रवर्तन के एक पूर्व सदस्य के रूप में मैं उम्मीद करता हूं कि मेरे स्टाफ के सभी सदस्य कानून का पालन करेंगे और किसी भी प्रकार की जांच में पूरा सहयोग करेंगे, और मैं ऐसा करना जारी रखूंगा।

### इजरायल के बाद ताइवान देना चाहता है एक लाख भारतीयों को नौकरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ताइपे सिटी। भारत और ताइवान के बीच नौकरियों को लेकर एक अहम समझौता होने जा रहा है। इस समझौते के तहत ताइवान में भारत के एक लाख श्रमिकों को नौकरी मिलेगी। दरअसल ताइवान में बेरोजगारी दर न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है। उसे मैन्यूफैक्चरिंग, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रमिकों की जरूरत है, जो उसे अपने देश में नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में उसने भारत की तरफ समझौते के हाथ बढ़ाए हैं। ताइवान और भारत के बीच ये समझौता जल्ही ही होने की उम्मीद है, जिसके बाद एक लाख भारतीय नौकरी करने ताइवान जाएंगे। इजरायल ने भी हाल ही में एक लाख भारतीयों को नौकरी का ऑफर दिया है। भारत और ताइवान के बीच ये समझौता आखिरी चरण में है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगले महीने भारत और ताइवान के बीच नौकरी को लेकर समझौता हो सकता है। उसके बाद ताइवान में नौकरी दिए जाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। ताइवान ने भारत के कुशल श्रमिकों को अपने देश के श्रमिकों के बराबर वेतन और इंश्योरेंस जैसी सभी सुविधाएं देने की भी पेशकश की है। भारतीयों को नौकरी देने के लिए ताइवान भारत के कई बड़े शहरों में जल्दी ही अपने ऑफिस भी खोल सकता है।

## खाने और पानी के लिए तरसे विस्थापित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यरुशलम। इजरायल और हमास के बीच युद्ध को आज 35 दिन हो गए हैं। इजरायली सेना लगातार गाजा में हमास के ठिकानों पर कार्रवाई कर रही है। हालांकि, युद्ध के चलते गाजा में हालत काफी खराब होते जा रहे हैं। गाजा में स्थिति ऐसी है कि यहां लोगों को घंटों तक खाने और शुद्ध पानी के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। बीते एक महीने से जारी युद्ध के कारण गाजा में रह रहे लोगों के लिए मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। हमलों में घर तबाह होने से लोग शेल्टर होम में रहने को मजबूर हैं। लोगों को खाना–पीना मुहैया कराने के लिए कैंप भी लगाए गए हैं, लेकिन यहां लोग इतने बेबस और लाचार हैं कि उन्हें घंटों तक लाईनों में अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा रहा है। यहीं नहीं, शेल्टर होम में बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। दीर अल–बलाह के संयुक्त राष्ट्र आश्रय में मौजूद एक सहायता कार्यकर्ता सुजान वाहिदी ने बताया कि यहां की स्थिति काफी खराब है। यहां शौचालय की संख्या कम होने से लोगों को बुरी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि पांच लाख से अधिक विस्थापित लोग गाजा के दक्षिण में स्थित अस्पतालों और संयुक्त राष्ट्र के स्कूलों में बने शेल्टर होम में रह रहे हैं। ये शेल्टर होम पूरी तरह से भर चुके हैं।




हमास समर्थन में पोस्टर लेकर सड़कों पर उतरे लोग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गाजा। मिडिल–ईस्ट में जारी इजरायल–हमास युद्ध को एक महीने से ज्यादा हो गया है, लेकिन युद्ध अब भी जारी है। इस युद्ध का असर अन्य देशों में भी देखने को मिल रहा है। कई देश इजरायल का समर्थन करने के लिए सड़कों पर उतरे हैं, तो वहीं कई देश फलस्तीनी समर्थन में नारे लगा रहे हैं। इसी बीच, नदी से समुद्र तक, 7 अक्टूबर को दक्षिणी इजरायल में हमास के घातक हमले और इजरायल के हमले के बाद यहूदियों और फलस्तीन समर्थक कार्यकर्ताओं को भड़काने के लिए एक नई शक्ति के साथ युद्ध का नारा बन गया है। दरअसल, हर तरफ नदी से समुद्र तक, फलस्तीन आजाद होगा लंदन से रोम और वाशिंगटन तक फलस्तीनी समर्थक कार्यकर्ताओं ने इजरायल के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए हैं।

## ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी करेंगे सऊदी अरब का दौरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### गाजा पर शब्दों की नहीं बल्कि कार्रवाई की जरूरत है

गाजा। इजरायल–हमास युद्ध को 35 दिन हो गए है और अब तक इसका कोई समाधान नहीं निकला है। इस बीच ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी चल रहे युद्ध पर एक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए सऊदी अरब पहुंचे। जानकारी के लिए बता दें कि मार्च में चीन की मध्यस्थता में हुए समझौते के तहत तेहरान और रियाद के बीच वर्षों की शत्रुता समाप्त होने के बाद से यह किसी ईरानी राष्ट्राध्यक्ष की सऊदी अरब की पहली यात्रा है।

सऊदी अरब की राजधानी रियाद में अरब और इस्लामी देशों के शिखर सम्मेलन के लिए रवाना होने से पहले तेहरान हवाई अड्डे पर रायसी ने कहा, श्गाजा शब्दों का अखाड़ा नहीं है। यह कार्रवाई के लिए होना चाहिए। आज इस्लामिक देशों की एकता बहुत महत्वपूर्ण है। पैडोलट सरकार की वेबसाइट ने रायसी के साथ मौजूद ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीराबदोल्लाहियान के हवाले से कहा, शिखर सम्मेलन क्षेत्र में युद्धोन्मादियों को एक कड़ा संदेश भेजेगा और इसके परिणामस्वरूप फलिस्तीन में युद्ध अपराध समाप्त होंगे।

रायसी ने तेहरान हवाई अड्डे पर टेलीविजन पर प्रसारित टिप्पणियों में कहा कि अमेरिका का कहना है कि वह युद्ध का विस्तार नहीं चाहता है और उसने ईरान और कई देशों को संदेश भेजे हैं, लेकिन ये बयान अमेरिका की कार्रवाइयों के अनुरूप नहीं हैं।



रायसी ने कहा, गाजा में युद्ध मशीन अमेरिका के हाथ में है, जो गाजा में युद्ध विराम को रोक रहा है और युद्ध का विस्तार कर रहा है। दुनिया को अमेरिका का असली चेहरा देखना चाहिए।

### दुनिया को मिला चिकनगुनिया का पहला टीका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। दुनिया को चिकनगुनिया का पहला टीका मिल गया है। अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने चिकनगुनिया के पहले टीके इक्स्चिक को मंजूरी दे दी है। 18 साल से ज्यादा के उम्र के लोगों के लिए इस टीके को मंजूरी मिली है। एफडीए ने कहा है कि 18 साल से ऊपर की उम्र के लोगों को चिकनगुनिया का खतरा ज्यादा होता है। इक्स्चिक नाम के इस टीके को 18 साल या उससे अधिक उम्र के उन लोगों के लिए अप्रूव किया गया है। ये मंजूरी एक एक अधूरी मेडिकल जरूरत को पूरा करने की दिशा में अहम कदम है। ये एक ऐसी बीमारी की रोकथाम का काम करेगी, जिसका उपचार अभी पूरी तरह नहीं हो सकता है। चिकनगुनिया की बीमारी मच्छरों के काटने से फैलती है। इस बीमारी में बुखार, जोड़ों का दर्द, सिरदर्द, जोड़ों में सूजन होती है और स्किन पर दाने हो जाते हैं।

Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# क्षेत्रपाल के रूप में पूजनीय भैरवनाथ के कपाट हुए बंद

आस्था

## पूरा क्षेत्र आराध्य भगवान भैरव के जयकारों से गूंज उठा

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम में क्षेत्रपाल के रूप में पूजनीय भगवान भकुंट भैरव के कपाट शनिवार को विधि–विधान के साथ अपराह्न 3 बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। इस मौके पर पूरा क्षेत्र आराध्य भगवान भैरव के जयकारों से गूंज उठा। श्रीकेदारनाथ धाम के कपाट भैयादूज के पावन पर्व पर 15 नवंबर को बंद कर दिए जाएंगे। इसी दिन बाबा केदार की चल उत्सव विग्रह डोली धाम से अपने शीतकालीन गद्दीस्थल के लिए प्रस्थान करते हुए रात्रि प्रवास के लिए पहले पड़ाव रामपुर पहुंचेगी।

शनिवार को दोपहर एक बजे से भकुंड भैरव मंदिर में पूजा–अर्चना शुरू हुई। इस मौके पर भगवान भैरवनाथ जी का आह्वान करते हुए पूजा–अर्चना के साथ ही उनका अभिषेक कर आरती की गई। इसके साथ ही विश्व कल्याण के लिए यज्ञ–हवन किया गया।



इससे पूर्व दोपहर 12 बजे केदारनाथ मंदिर मंदिर में भक्तों ने दर्शन किए। इसके बाद मंदिर को बंद कर दिया गया। मंदिर के गर्भगृह की साफ–सफाई के उपरांत सांय 4 बजे से भक्तों के दर्शन के लिए मंदिर को खोला गया। श्रीबदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के कार्यधिकारी रमेश चंद्र तिवारी व मीडिया प्रभारी डा. हरीश चंद्र गौड़ ने बताया कि भगवान भकुंड भैरव जी के कपाट बंद होने के बाद भी केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद होने तक बाबा केदार की विधिवत पूजा–अर्चना और सांयकालीन आरती होती रहेगी। भैयादूज पर्व पर 15 नवंबर को मंदिर के कपाट बंद किए जाएंगे।

## न्यूज डायरी

### दीपावली की खरीदारों की भीड़ से दिनभर लग रहा सड़कों में जाम

**संवाददाता** हल्द्वानी। दीपावली की खरीदारी और बाजार के मुख्य सड़कों में अतिक्रमण और नो पार्किंग में खड़े वाहनों की वजह से शनिवार को दिनभर ट्रैफिक रेंगकर चला। हालांकि पुलिस के यातायात प्लान से हल्द्वानी शहर में बड़े वाहन प्रतिबंधित रहे। बावजूद इसके मुख्य चौराहों पर जाम की स्थिति रही। शहर में पुलिस का रूट प्लान पूरी तरह से फेल नजर आया। दीपावली पर्व में जाम की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस ने शहर में ट्रैफिक प्लान को लागू कर दिया है। शहर में जगह–जगह डायवर्जन के अनुसार बैरिकेडिंग कर दी गई है। जिसके बाद भी मुख्य बाजार समेत गलियों में भी जाम की स्थिति बन रही है। वहीं मुख्य बाजार, सिंधी चौराहा, रामपुर रोड, मंगलपड़ाव, नैनीताल रोड, एसटीएच के बाहर, टीपीनगर, मंडी चौकी क्षेत्र, मुखानी चौराहे पर सड़क किनारे खड़े वाहनों व अतिक्रमण के चलते भी जाम की स्थिति बनी। हालांकि पुलिस जगह–जगह मुस्तैदी से खड़ी व बैठी तो दिखी, लेकिन वाहनों का जाम कम करने में नाकाम रहा।

### पीयूष के कुमाऊं विवि महासंघ अध्यक्ष बनने पर जुलूस निकाला

**संवाददाता** रामनगर। राजकीय महाविद्यालय के नवनिर्वाचित विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पीयूष जोशी को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से कुमाऊं यूनिवर्सिटी महासंघ अध्यक्ष बनने पर भाजपा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र–छात्राओं ने नगर के विजयी जुलूस निकाला। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रेम मेहरा, पूर्व नगर अध्यक्ष भावना भट्ट, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष आशीष मेहरा, भाजपा नेत्री आशा बिष्ट, शेखर भट्ट, संजय बिष्ट, नरेंद्र शर्मा, इशांत चौधरी आदि मौजूद रहे।

### ऐपण प्रतियोगिता में दिखाया छात्राओं ने हुनर

**संवाददाता** रामनगर। हमारी संस्कृति हमारी पहचान कार्यक्रम के तहत शनिवार को स्किल हंटर्स रामनगर के तत्वावधान मे संरक्षक भुवन सिंह डंगवाल के नेतृत्व में ऐपण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि दिनेश चंद्र जोशी, नवेंदु मठपाल, विनोद पपनै, अमित लोहनी, भावना भट्ट, जगदीश तिवारी, तरुण जोशी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम स्किल हंटर्स के निदेशक भुवनेश जोशी प्रबंधक प्रेम सिंह बोरा व संरक्षक भुवन सिंह डंगवाल के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में 30 छात्राओं और महिलाओं ने प्रतिभाग किया। अंशुल कश्यप व अलका खाती निर्णायक की भूमिका में रहे। संस्था ने प्रतियोगिता में पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## अब यात्रियों की वापसी के इंतजाम में जुटा रोडवेज प्रबंधन

**संवाददाता** हल्द्वानी। दिवाली के मौके पर रोडवेज बसों में यात्रियों की भारी भीड़ दिखाई दे रही है। स्थिति यह है कि बसों में सीट के लिए मारामारी और झगड़ों की स्थिति तक बन रही है। दिवाली के बाद बड़ी संख्या में दूसरे शहरों को जाने वाले यात्रियों की भीड़ भी उमड़ेगी। इसे लेकर परिवहन निगम ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं।

हल्द्वानी डिपो पर आज कल यात्रियों की भीड़ है। यह भीड़ रविवार तक बनी रहेगी। इसके बाद सोमवार व मंगलवार तक बसों में यात्रियों की संख्या में कमी रहेगी। वहीं बुधवार से रोडवेज पर दोबारा बड़ी संख्या में यात्री पहुंचेंगे। भाई–दूज पर जाने वाले और दूसरे शहरों में नौकरी व कारोबार करने वाले लोगों की भी वापसी होगी। इसके

**आरएम ने दिल्ली मार्ग पर 10, हरियाणा 3 और बरेली मार्ग 7 बसें**

लिए अभी जितनी बसें अतिरिक्त व नियमित चल रही हैं। उनके अलावा भी बसों का इंतजाम रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। हल्द्वानी डिपो के एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि दिल्ली रूट पर 10, हरियाणा के लिए 3 और बरेली मार्ग के लिए 7 अतिरिक्त बसें रिजर्व में रखी गई हैं। इन्हें मंगलवार से शुक्रवार तक संचालित किया जाएगा। ताकि वापसी वाले यात्रियों को किसी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। वहीं उच्चाधिकारियों ने पिथौरागढ़, बागेश्वर, चम्पावत, टनकपुर आदि स्टेशनों पर भी अतिरिक्त बसों का इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।



### बच्चों ने भारत की विविधता का प्रदर्शन किया

**संवाददाता** हरिद्वार। द विजडम ग्लोबल स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव का समापन हो गया। प्रतियोगिताओं के साथ सभी ने दिवाली मेले का भी आनन्द लिया। स्कूल के छात्रों की ओर से अलग अलग राज्यों के स्टॉल लगाकर भारत की विविधता का प्रदर्शन किया गया। फूड स्टालों एवं अलग अलग खेलों का बच्चों ने खूब आनन्द लिया। तम्बोला और जादूगर के शो ने सभी का मनोरंजन किया। वार्षिक महोत्सव के अंतिम दिन विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि, मदन कौशिक की उपस्थिति में चेयरमैन एवं समस्त अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने स्वागत गीत, स्वागत नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के प्राचार्य संजय देवांगन ने विद्यालय की वार्षिकी रिपोर्ट में छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ खेल कूद तथा अन्य गतिविधियों और आईआईटी के लिए चयनित छात्रों को भी शुभकामनाएं दीं।

## वर्नवार्ड के उपकरणों की जांच से लेकर बेड उपलब्धता का निरीक्षण

**संवाददाता** हल्द्वानी। दिवाली के मौके पर पटाखों से जलने के बड़ी संख्या में मामले अस्पताल में पहुंचते हैं। इनमें कई केस गंभीर और अति गंभीर स्थिति वाले भी होते हैं। इन्हें लेकर शहर को डॉ. सुशीला तिवारी और बेस अस्पताल में शनिवार को व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर इंतजामात पुख्ता किए गए। साथ ही विशेषज्ञों से लेकर नर्सिंग स्टाफ तक सभी को जरूरी निर्देश देते हुए मेडिकल कॉलेज प्राचार्य ने सक्रियता बनाए रखने की बात कही है।

एसटीएच के बर्न वार्ड की दिवाली के समय पैक होने की पूरी आशंका रहती है। पटाखों से जलने वाले लोग बड़ी संख्या में यहां पहुंचते हैं। वहीं कुमाऊं का

**स्टाफ की तैनाती से लेकर उपकरण व बेड के इंतजाम अस्पतालों में पुख्ता**

सबसे बड़ा रेफर सेंटर होने की वजह से पर्वतीय क्षेत्रों से भी इमरजेसी मरीजों को रेफर किया जाता है। इनके इलाज की व्यवस्थाओं को लेकर शनिवार को मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने अस्पताल के बर्न वार्ड का निरीक्षण किया। अस्पताल के बर्न वार्ड में 12 अतिरिक्त बेड लगवाए गए हैं।

प्राचार्य ने ईएनटी, ऑर्थो, वर्न, एलर्जी आदि के विशेषज्ञों को निगरानी बनाए रखने और जूनियर डॉक्टरों को ड्यूटी पर मौजूद रहने के निर्देश दिए। कॉलेज प्राचार्य ने



किसी भी तरह की लापरवाही सामने आने पर कार्रवाई की बात कही है। ऐसे ही इंतजाम बेस अस्पताल में भी किए गए हैं।

बेस अस्पताल की पीएमएस डॉ. सविता ह्यांकी ने अस्पताल की इमरजेंसी में पांच अतिरिक्त बेड की व्यवस्था कराई है। साथ ही जरूरत पड़ने पर जनरल वार्ड के बेड का इस्तेमाल भी किया जाएगा।

### यमुनाघाटी क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**संवाददाता** उत्तरकाशी। नौगांव ब्लॉक के अंतर्गत डामटा में आयोजित यमुना घाटी कीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास मेले के तीसरे दिन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। सांस्कृतिक विकास मेले में स्थानीय महिलाओं द्वारा अपनी पारंपरिक वेशभूषा के साथ तांदी एवं रांसो नृत्य किया, जिसका यहां पहुंचे हजारों की संख्या में मेलार्थियों ने इसका लुत्फ उठाया। यमुना घाटी क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास मेले का शनिवार को बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उद्घाटन करना था लेकिन कुछ तकनीकी खराबी के कारण मुख्यमंत्री कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। मुख्यमंत्री के नहीं पहुंचने से लोग मायूस दिखे। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र राणा, पूर्व विधायक केदार सिंह रावत, पूर्व विधायक राजकुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष शशिमोहन राणा, श्याम डोभाल, संदीप राणा, अतोल रावत, आदि लोग मौजूद रहे।

"दुसरो को नियंत्रित करना बल लेकिन खुद को नियंत्रित करना आत्मबल है।" -अज्ञात।



पेज थ्री
www.page3news.in

# एक बड़ी कूटनीतिक चुनौती

**न तो आरोप आधिकारिक तौर पर बताए गए हैं और न ही उपलब्ध सबूतों के बारे में कोई जानकारी मिल पाई है, इसलिए स्वाभाविक ही इस सजा को लेकर भारत में सवाल उठ रहे हैं। ध्यान देने की बात यह भी है कि भले वे सब व्यक्तिगत हैसियत से काम कर रहे हों, लेकिन नौसेना में इनके कामकाज का बहुत अच्छा रेकॉर्ड रहा है।**

अनुज सनवाल।।

कतर में पिछले साल से हिरासत में बंद आठ भारतीय पूर्व नौसेनाकर्मियों को सुनाई गई मौत की सजा ने स्वाभाविक ही पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। इनकी गिरफ्तारी की खबर ने भी सबको चौंकाया था, लेकिन भारत सरकार ने न केवल इसे संज्ञान में ले लिया था बल्कि आवश्यक कार्रवाई भी शुरू कर दी थी। उसके बाद इन लोगों की परिवार वालों से फोन पर बात करवाई गई और इन्हें काउंसलर मदद भी मुहैया कराई गई। लेकिन जिस तरह से अचानक वहां की एक अदालत ने इन्हें मौत की सजा सुना दी, उससे स्पष्ट है कि यह मामला भारत सरकार के लिए एक बड़ी कूटनीतिक चुनौती साबित होने वाला है। अभी तक इन आठों भारतीयों की गिरफ्तारी की वजह भी नहीं बताई गई है। स्थानीय मीडिया में जो खबरें चल रही हैं उनसे लगता है कि इन पर कतर के एक महत्वपूर्ण पनडुब्बी प्रॉजेक्ट से जुड़ी सूचनाएं लीक करने का संदेह है।



ये सूचनाएं इस्राइल को भिजवाने की बात कही जा रही है। चूंकि न तो आरोप आधिकारिक तौर पर बताए गए हैं और न ही उपलब्ध सबूतों के बारे में कोई जानकारी मिल पाई है, इसलिए स्वाभाविक ही इस सजा को लेकर भारत में सवाल उठ रहे हैं। ध्यान देने की बात यह भी है कि भले वे सब व्यक्तिगत हैसियत से काम कर रहे हों, लेकिन नौसेना में इनके कामकाज का बहुत अच्छा रेकॉर्ड रहा है। हालांकि यह बात भी सही है कि इन्हें वहां की एक अदालत ने सजा सुनाई है और कोई भी देश आम तौर पर बाहरी कारणों से अपने जुडिशल सिस्टम में हस्तक्षेप होता नहीं देखना चाहता। लेकिन जिस वजह से यह मामला खास तौर पर संवेदनशील हो गया है, वह है इसकी टाइमिंग। कतर की अदालत का यह फैसला ऐसे समय आया है जब पूरा मध्यपूर्व एक बेहद नाजुक दौर से गुजर रहा है। कतर में न केवल अमेरिकी और तुर्की सैनिक अड्डे हैं बल्कि उसके ईरान से भी करीबी रिश्ते हैं। यह हमास, मुस्लिम ब्रदरहुड और तालिबान से जुड़े कई नेताओं का ठिकाना भी माना जाता है। मुस्लिम दुनिया में जनमत निर्माण का एक असरदार मंच अलजजीरा न्यूज चौनल भी दोहा में ही है। कतर के विशेष प्रभाव के पीछे गैस की बदौलत फलती–फूलती उसकी इकॉनमी है। भारत कतर की गैस के सबसे बड़े आयातकों में शामिल है और वहां करीब 8 लाख भारतीय रहते हैं। पिछले दो दशकों में भारत और कतर के रिश्ते दिनों दिन अच्छे ही होते गए। बीच में थोड़ी खटास तत्कालीन बीजेपी नेता नूपुर शर्मा के एक बयान से उपजे अप्रिय विवाद की वजह से जरूर आई, लेकिन उन्हें पार्टी से निलंबित कर मामले को ज्यादा बिगड़ने से रोक लिया गया। बहरहाल, इस्राइल–हमास जंग के मौजूदा माहौल में भारत के लिए कतर सरकार के साथ मिलकर इस मामले को सफलतापूर्वक निपटाना आसान नहीं होगा।

## जरूरतमंद

**अशोक वोहरा।**



धर्म-दर्शन

बूढी औरत ने मनोज से कहा "तुम्हारे पैसे कितने हुए बेटा?" मनोज ने कहा "माँ जी, ये तो मैंने सिर्फ आपकी मदद करने के भाव से किया था लेकिन फिर भी अगर आप कुछ करना चाहती है तो एक काम कर देना. जब भी कोई जरूरतमंद मिले, उसकी मदद कर देना और मुझे याद कर लेना, अच्छा माँ जी चलता हूँ"। इतना कह कर मनोज अपने रस्ते को चल दिया और वो बूढी औरत भी. कुछ दूर जाते ही बूढी औरत एक रेस्टोरेंट के पास रुकी, उसे भूख लगी थी और उसने सोचा कि कुछ खा लू। वो बूढी औरत रेस्टोरेंट में बैठी थी कि तभी उसका आर्डर लेने एक महिला वेटर आई जो कि करीबन 7 से 8 महीना प्रेग्नेंट थी लेकिन फिर भी चेहरे पर बिना किसी शिकस्त के वो बूढी औरत का आर्डर लेने के लिए खड़ी थी। उस बूढी औरत ने खाना खाया और 5000 की टिप उस वेटर लड़की को दी।

## संपादकीय

### रचयिता का स्पष्टीकरण

वंदे मातरम् के रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने भविष्य के संभावित प्रश्नों को समझते हुए 'आनंदमठ' में अपने किरदार भवानंद के माध्यम से स्पष्टीकरण दे दिया था, 'हम और किसी मां को नहीं मानते– जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी। हमलोग जन्मभूमि को ही मां कहते हैं। हमारी और कोई माता नहीं, पिता नहीं, भाई नहीं, बहन नहीं, मित्र नहीं–स्त्री–पुत्र नहीं, घर–द्वार नहीं। हमारे लिए एकमात्र वही सुजला, सुफला, मलयजशीतला, शस्यश्यामला..है।' सफाई यह दी गई कि किसी भी राष्ट्रीय आयोजन में वंदे मातरम् के पहले दो पदों का गायन किया जा सकता है या उसके बदले या उसके साथ अन्य किसी देशभक्ति गीत का गायन भी हो सकता है। यानी साफ शब्दों में कह दिया गया था कि वंदे मातरम् के बदले अब कोई दूसरा गीत भी गाया जा सकता है। अखबारों में अगले दिन यह छपा कि जब कांग्रेस कार्यसमिति में वंदे मातरम् को लेकर यह प्रस्ताव लिखा और पढ़ा जा रहा था, कांग्रेस का पूरा पंडाल वंदे मातरम् के नारों से गूंज रहा था। कांग्रेस के उस बयान का मसविदा तैयार करने में नेहरू के साथ–साथ गांधीजी और टैगोर की भी सक्रिय भूमिका थी। वंदे मातरम् भारतीय अस्मिता का कंठहार था, है और रहेगा। उसे किसी कार्यसमिति या किसी सरकार की अनुशंसा की न कभी दरकार थी और न होगी।

जिन्ना ने साफ शब्दों में कांग्रेस को हिंदुओं का संगठन बताया और उन्होंने इसके तीन कथित सबूत भी दिए थे। पहला, वंदे मातरम् इस्लाम-विरोधी और बुतपरस्तों का गीत है, जिसे कांग्रेस भारत का राष्ट्रगीत बनाना चाहती है।

# वंदे मातरम् की परीक्षा

अखिलेश झा।।

मुस्लिम लीग के लखनऊ अधिवेशन में 15 अक्टूबर, 1937 को मुहम्मद अली जिन्ना ने सांप्रदायिक राजनीति की अपनी सबसे खतरनाक चाल चली, जिसमें वंदे मातरम् को इस्लाम एवं इस्लामी हितों के खिलाफ बताया गया। जिन्ना ने बिना लाग–लपेट के मुसलमानों से अपनी धार्मिक पहचान और धार्मिक भावनाओं को देश के ऊपर तरजीह देने की अपील नहीं की थी, उन्हें डराया था। जिन्ना ने साफ शब्दों में कांग्रेस को हिंदुओं का संगठन बताया और उन्होंने इसके तीन कथित सबूत भी दिए थे। पहला, वंदे मातरम् इस्लाम–विरोधी और बुतपरस्तों का गीत है, जिसे कांग्रेस भारत का राष्ट्रगीत बनाना चाहती है। दूसरा, हिंदी या हिंदुस्तानी हिंदुओं की भाषा है, जिसे कांग्रेस भारत की राष्ट्रभाषा बनाना चाहती है। तीसरा, कांग्रेस के झंडे को देश का झंडा बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिन्ना ने मुसलमानों को वंदे मातरम् से किसी भी तरह से जुड़ने से आगाह किया, उर्दू को पूरे भारत की भाषा बनाने के लिए हर कोशिश करने की सलाह दी और मुसलमानों को तिरंगे झंडे के बजाए मुस्लिम लीग के हरे झंडे के नीचे ही लामबंद होने को कहा।

जिन्ना का यह आरोप लगाना था कि 22 अक्टूबर, 1937 को हिंदुस्तान के तमाम अखबारों में यह खबर छपी कि कांग्रेस संगठन एवं सार्वजानिक कार्यक्रमों में वंदे मातरम् गीत के उपयोग की समीक्षा करेगी। वंदे मातरम् अघोषित रूप से और स्वाभाविक रूप से भारत का राष्ट्रगीत था, तीन दशकों से भी अधिक समय से। अब उस गीत को अचानक अपनी धर्मनिरपेक्षता की परीक्षा देनी थी। इस बात की जांच भी होनी थी कि कहीं वंदे मातरम् की वजह से तो राष्ट्रीय आंदोलन कमजोर नहीं हो रहा! इसी अलिखित अजेंडा पर कलकत्ते में 26 अक्टूबर, 1937 को कांग्रेस की कार्यसमिति की बैठक शुरू हो रही थी।



कांग्रेस के इसी निर्णय के विरोध में 26 अक्टूबर, 1937 को वंदे मातरम् के पक्ष में 'वंदे मातरम् दिवस' मनाने का निर्णय लिया गया, जो महाराष्ट्र से लेकर बंगाल तक आयोजित किया गया। वंदे मातरम् दिवस मनाने की योजना बनाई 'मराठा' अखबार के संपादक जी.वी. केतकर ने, जिनको विनायक दामोदर सावरकर और एस. एल. करंदीकर जैसे नेताओं का सक्रिय समर्थन प्राप्त था। केतकर ने वंदे मातरम् दिवस को यादगार और महत्त्वपूर्ण बनाने के लिए बड़े जतन से पेरिस से वह ऐतिहासिक वंदे मातरम् ध्वज मंगवाया, जिसे भीकाजी कामा ने 1907 में जर्मनी में पहली बार सार्वभौम भारत के ध्वज के रूप में फहराया था। वह ऐतिहासिक झंडा कई हाथों से गुजरता हुआ पेरिस में सरदासिंहजी रावजी राणा के पास पहुंचा था, जो भीकाजी कामा के सहयोगियों में थे और देश से बाहर रहकर भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे।

26 अक्टूबर को सुबह पूना में वंदे मातरम् दिवस मनाया गया और वंदे मातरम् का वह ऐतिहासिक ध्वज फहराया गया। उस अवसर पर विनायक दामोदर सावरकर ने वंदे मातरम् गीत के ऐतिहासिक महत्त्व पर भाषण दिया। पूना की उस सभा में एक प्रस्ताव भी पारित किया गया। प्रस्ताव में कांग्रेस से आग्रह किया गया कि वह वंदे मातरम् को भारत का राष्ट्रगीत घोषित करे। उसी प्रस्ताव में वंदे मातरम् के प्रति हिंदुओं और मुसलमानों की समान श्रद्धा को रेखांकित किया गया और भारत के उन वीर सुपुत्रों और सुपुत्रियों को याद किया गया जिन्होंने वंदे मातरम् कहते हुए अपने प्राण देश पर न्योछावर कर दिए थे।

### अष्टयोग-5088

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 1 | 6 | | | |
| 2 | 25 | | 32 | 4 | 36 | |
| | 3 | 2 | | 5 | 7 | 6 |
| | 27 | 6 | 33 | | 39 | |
| 4 | | 3 | | 1 | 2 | |
| 5 | 37 | | 31 | 7 | 30 | 3 |
| 6 | | 4 | | 2 | | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5087 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 33 | 7 | 35 | 1 | 28 | 3 |
| 4 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 |
| 2 | 32 | 3 | 38 | 7 | 32 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |
| 6 | 33 | 1 | 31 | 5 | 30 | 4 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 2 | 5 | 7 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### कभी राष्ट्रगीत का दर्जा दिया ही नही

**मोहन।** एक तरफ राष्ट्रवादी वंदे मातरम् दिवस मना रहे थे, तो दूसरी तरफ जिन्ना देश भर में घूम–घूमकर मुसलमानों को वंदे मातरम् का विरोध करने के लिए उकसा रहे थे। जिन्ना द्वारा वंदे मातरम् का विरोध और कांग्रेस में इसके प्रति अनिश्चितता को देखते हुए पूरे देश में वंदे मातरम् के पक्ष में माहौल बनने लगा। यह कल्पना से परे था कि भारत का राष्ट्रीय आंदोलन अपने संकल्प मंत्र वंदे मातरम् से ही दूरी बना लेगा। पर कांग्रेस ने किया कुछ ऐसा ही। शाम में वंदे मातरम् का वही ऐतिहासिक ध्वज बंबई में भी फहराया गया और वहां भी वंदे मातरम् दिवस मनाया गया। अगले दिन कलकत्ते में भी विशाल 'वंदे मातरम् रैली' निकाली गई वंदे मातरम् के पक्ष में। जनभावना का निरादर करते हुए 29 अक्टूबर, 1937 को जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यसमिति ने बयान पारित किया, जिसमें यह सफाई दी गई कि कांग्रेस ने वंदे मातरम् या किसी अन्य गीत को कभी राष्ट्रगीत का दर्जा दिया ही नहीं था।





## गौहर खान के बेबी बंप पर रणवीर सिंह ने हाथ रख पढ़ा था मंत्र

टीवी और फिल्मों की एक्ट्रेस गौहर खान इन दिनों चर्चा में हैं। उन्होंने बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह को लेकर एक खुलासा किया है। जब गौहर प्रेग्नेंट थीं, तब रणवीर ने उनके साथ कुछ ऐसा किया था कि वो इमोशनल हो गई थीं। उन्होंने अब उस घटना को याद किया है। गौहर खान ने खुलासा किया कि वो आठ महीने की प्रेग्नेंट थीं, तब भी काम कर रही थीं। उन्होंने रणवीर सिंह के साथ हुए एक इमोशनल किस्से को याद किया। जब रणवीर ने गौहर के बेबी बंप पर हाथ फिराया और पेट में पल रहे बच्चे के लिए प्रार्थना की। गौहर खान ने कहा, मैंने सेकेंड ट्राइमेस्टर तक काम किया है। अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान 7वें महीने तक। मैं मेरी आठ महीने की प्रेगनेंसी तक ट्रैवल कर रही थी। नॉन–स्टॉप शूटिंग कर रही थी। एक्शन वेब सीरीज कर रही थी और दुनियाभर में शो को होस्ट कर रही थी। होस्टिंग मेरा पहला प्यार है और मुझे लाइव इवेंट्स बहुत पसंद हैं। मैंने कतर में फुटबॉल वर्ल्ड कप इवेंट को होस्ट किया था और कई शोज व लाइव इवेंट्स। गौहर ने उस दिन को याद किया, जब लाइव इवेंट में रणवीर सिंह से मिली थीं। उन्होंने कहा, श्उस दौरान रणवीर सिंह मुझसे लगातार तीन या चार लाइव इवेंट में मिले थे और वो हैरान थे कि प्रेग्नेंसी के 7वें महीने में ये कैसे कर रही हूं? उन्होंने मेरा बेबी बंप पकड़ा और बच्चे को बताया कि कैसे उसे अपनी मां की तरह रॉकस्टार बनना है।

## गैल गैडोट ने इजरायल पर हमास के हमले की दिखाई फिल्म

हॉलीवुड की फेमस मूवी वंडर वुमन की पॉप्युलर एक्ट्रेस गैल गैडोट इजरायल की रहने वाली हैं। जब फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास ने बीते 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमला किया था, तब गैल गैडोट भी बैचेन हो उठी थीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपना खुलकर समर्थन किया। इस वजह से वो निशाने पर भी रहीं। अब उन्होंने अमेरिका के लॉस एंजिल्स में फिल्म हमास अटैक की स्पेशल स्क्रीनिंग की, जिसके बाद थिएटर के बाहर हिंसक झड़प होने लगी। बवाल बढ़ता देख स्क्रीनिंग को रोक दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार, 'Bearing Witness' नाम की फिल्म 43 मिनट की है और इसमें हमास के किए गए अत्याचारों को दिखाया गया है। फुटेज बहुत ही हिंसक है। मीडिया आउटलेट ने कहा कि इसमें से कुछ में हमास के सदस्यों द्वारा शूट किए गए फुटेज भी शामिल हैं।

## करीब आने से पहले ही अभिषेक कुमार और खानजादी में आईं दूरियां!



रिएलिटी शो बिग बॉस 17 में अभिषेक कुमार शुरू से ही काफी चर्चा में रहे हैं। फिर चाहे वो लड़ाई हो या फिर ईशा मालवीय संग दिल का कनेक्शन, वो हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। जिस दिन घर में ईशा के बॉयफ्रेंड समर्थ जुरेल की एंट्री हुई, उसके बाद से ही अभिषेक का दिल फिरोजा खान उर्फ खानजादी से जुड़ने लगा था। खुद खानजादी भी अभिषेक की तरफ अट्रैक्ट होने लगी थीं, लेकिन अब दोनों के बीच बहुत घमासान हुआ। इतना कि अभिषेक ने खानजादी को फेक बोल दिया। शो के अपकमिंग एपिसोड का प्रोमो सामने आया है, जिसमें दोनों चूहे–बिल्ली की तरह लड़ते दिख रहे हैं।अभिषेक कुमार कमरे में टहलते हुए कह रहे हैं कि हैंपर के लिए झूठ कैसे बोल सकते हैं! वो कहते हैं, श्ऐसे कैसे कर सकते हैं, कोई फीलिंग्स के साथ कैसे खेल सकता है। कुछ तो शर्म करो। कितनी फेक हो। इसके बाद अभिषेक कुमार खानजादी से कहते हैं, श्अभी भी तुमने जो किया है, सब फेक किया है। तुम उस दिन भी फेक थी, आज भी फेक हो, हमेशा फेक रहोगी। मेरा दिल आ गया था तुम्हारे पर। तुमने मेरा दिल तोड़ा है। उस दिन ब्रेकिंग न्यूज में झूठ बोलकर। फिर अभिषेक आगे बोलते हैं कि उन्हें यूज मत करो। इस पूरी लड़ाई के दौरान खानजादी अपनी बात रखने की बहुत कोशिश करती हैं, लेकिन अभिषेक के चीखने के कारण उनकी आवाज दबी–दबी ही नजर आती है।

# सलमान खान ने बताया– इस बार कैसे मना रहे अपनी दिवाली

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*सलमान खान और कटरीना कैफ एक बार फिर टाइगर और जोया के किरदार में दर्शकों के लिए अपनी रोमांटिक जोड़ी के साथ ढेर सारा एक्शन और ड्रामा लेकर हाजिर हो रहे हैं। सलमान और कटरीना की इस फिल्म को ठीक दिवाली पर रिलीज किया जा रहा है, जो एक खतरनाक फैसला है। दरअसल दिवाली साल भर का एक ऐसा त्योहार है जिसे लोग अपने–अपने घरों में परिवार के साथ मिलकर मनाते हैं। ऐसे में ये उम्मीद रखना कि लोग किसी फिल्म के लिए वक्त निकाल सकते हैं, ये बहुत बड़ी बात है। सलमान की ये फिल्म दिवाली पर रिलीज हो रही है और अब फिल्म के एक्टर्स ने इसे लेकर कुछ बातें भी कही हैं। बता दें कि भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे सफल ऑनस्क्रीन जोड़ियों में से एक, सलमान खान और कटरीना कैफ की दिवाली पर कभी भी एक साथ रिलीज नहीं हुई है। टाइगर के साथ, ये जोड़ी इस दिवाली भारत और दुनिया भर के सिने प्रेमियों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है!*

**इस त्योहार ने मुझे हमेशा गुडलक दिया है**

सलमान ने अपनी इस फिल्म की रिलीज को लेकर कहा है, दिवाली में फिल्म का रिलीज होना हमेशा खास होता है क्योंकि मेरी बहुत अच्छी यादें हैं कि कैसे इस त्योहार ने मुझे हमेशा गुडलक दिया है। कटरीना और मेरी दिवाली पर कोई फिल्म



रिलीज नहीं हुई है और टाइगर 3 हमारी पहली दिवाली फिल्म होगी। को–एक्टर्स के रूप में, हमने ऐसी फिल्में की हैं जिन्हें कई लोगों ने पसंद किया है। इसलिए, अगर हम उन्हें टाइगर 3 के साथ शानदार दिवाली दे सकें, तो हम बहुत आभारी होंगे।

**मैं इस दिवाली अपने पूरे परिवार के साथ टाइगर 3 देखूंगा**

एक्टर ने आगे कहा, मेरे लिए दिवाली हमेशा से वो त्योहार रहा है जो लोगों को एक साथ लाता है, परिवारों को एक साथ लाता है। मैं इस दिवाली को अपने लोगों के साथ बिताने का इंतजार कर रहा हूं। मैं इस दिवाली अपने पूरे परिवार के साथ टाइगर 3 देखूंगा और मुझे उम्मीद है कि हर कोई इसे देखेगा और बड़े स्क्रीन के इस अनुभव का भरपूर आनंद उठाएगा।

**दिवाली पर रिलीज होने वाली सलमान संग ये मेरी पहली फिल्म**

कटरीना ने भी दिवाली पर अपनी इस मोस्ट अवेटेड फिल्म की रिलीज पर कहा, ये दिवाली बेहद खास है क्योंकि मेरी टाइगर 3 रिलीज होने वाली है, एक फिल्म जो बुराई पर जीत के बारे में है। दिवाली पर रिलीज होने वाली सलमान के साथ ये मेरी पहली फिल्म भी है! सलमान और मैं सभी का मनोरंजन करने और इस दिवाली के त्योहार से और भी अधिक खुशी और उत्साह जोड़ने के लिए उत्सुक हैं।

**फिल्म की रिलीज के साथ पूरे देश में सभी के साथ दिवाली मनाएंगे**

वह आगे कहती हैं, मुझे लगता है कि इस साल हम अपनी फिल्म की रिलीज के साथ पूरे देश में सभी के साथ दिवाली मनाएंगे और मुझे उम्मीद है कि हम टाइगर 3 में सभी को एक अद्भुत दिवाली गिफ्ट देंगे! उन्होंने आगे कहा, दिवाली हमेशा से ही जश्न मनाने वाला त्योहार रहा है। मेरे लिए, यह एकजुटता, प्यार, रोशनी, हमारे परिवारों और दोस्ती के बंधन का जश्न मनाने और इस बात को स्वीकार करने का त्योहार है कि अच्छाई की हमेशा बुराई पर जीत होती है।

# कार्तिक आर्यन को देख फैंस हुए हक्का–बक्का!

*कभी एक–दूसरे को डेट करने वाले सारा अली खान और कार्तिक आर्यन अब एक्स हैं। ब्रेकअप के बाद दोनों एक–दूसरे के सामने भी नहीं आते थे, लेकिन अब शायद अच्छे दोस्त हैं। यही वजह है कि कार्तिक को सारा के घर दिवाली पार्टी में देखा गया। उनका वीडियो वायरल हो रहा है।*



बॉलीवुड में भी दिवाली सेलिब्रेशन की धूम चल रही है। पहले फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के घर पर पार्टी हुई, जिसमें इंडस्ट्री के जाने–माने सितारों ने शिरकत की। अब एक्ट्रेस सारा अली खान ने भी दीपावली का जश्न मनाया। उनकी पार्टी में कार्तिक आर्यन भी पहुंचे, जिन्हें उनका एक्स बॉयफ्रेंड कहा जाता है। हालांकि, कार्तिक को देख फैंस हक्का–बक्का हो गए। यूजर्स अजीबोगरीब कॉमेंट्स भी कर रहे हैं, आखिर ऐसा क्या हो गया, आइये जानते हैं। सारा अली खान की दीवाली पार्टी में कार्तिक आर्यन के अलावा अनन्या पांडे, आदित्य रॉय कपूर और करण जौहर सहित तमाम सितारों ने शिरकत की। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा कार्तिक आर्यन की हो रही है, क्योंकि उनका लुक देख फैंस शॉक्ड है।

**ऐसे–ऐसे सवाल पूछ रहे लोग**

कार्तिक आर्यन को देख लोग तरह–तरह के सवाल पूछ रहे हैं। किसी ने बोला कि शेव करने के बाद वो एकदम अलग नजर आ रहे हैं तो किसी ने पूछा कि अचानक कार्तिक का चेहरा क्यों बदल गया है? एक ने लिखा, लड़के शेविंग करने के बाद बुरे ही लगते हैं।

**साल २०२० में कर रहे थे डेट!**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब सारा और कार्तिक ने साल 2020 में श्लव आज कल 2श फिल्म में काम किया था, तब उनके बीच नजदीकियां बढ़ी थीं। इनका रिश्ता लंबा नहीं चला था और ब्रेकअप हो गया था।

**सारा और कार्तिक की अपकमिंग मूवीज**

वर्कफ्रंट की बात करें तो कार्तिक को चंदू चैंपियन में देखा जाएगा। इस मूवी का डायरेक्शन कबीर खान करेंगे। सारा की बात करें तो उन्हें ऐ वतन मेरे वतन में देखा जाएगा, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। उनके पास मेट्रो... इन दिनों भी है। वो जगन शक्ति की एक मूवी में नजर आएंगी। इसके अलावा मर्डर मुबारक भी है।

# सोते–सोते भी तड़पाती है डायबिटीज, रात में दिखते हैं ये लक्षण



**रेस्टलेस लेग्स सिंड्रोमं**
डायबिटीज से पीड़ित लोगों में रेस्टलेस लेग्स सिंड्रोम होने का खतरा अधिक हो सकता है, एक ऐसी स्थिति जिसके कारण पैरों को हिलाने की तीव्र इच्छा होती है, खासकर रात में। इससे सोना और सोते रहना मुश्किल हो सकता है।

*डायबिटीज अब सिर्फ बुजुर्गों को नहीं होती बल्कि यह ऑटोइम्यून डिजीज बच्चों को भी नहीं छोड़ रही है। डायबिटीज से पीड़ित लोगों को विभिन्न प्रकार के लक्षण महसूस हो सकते हैं, जो रात को भी दिख सकते हैं। रात में महसूस होने वाले डायबिटीज के कुछ लक्षण इस तरह हैं।*

**बार-बार पेशाब आना**
डायबिटीज वाले लोगों को अधिक बार पेशाब करने की आवश्यकता हो सकती है, जिसमें रात के समय भी शामिल है। ऐसा इसलिए है क्योंकि शरीर मूत्र में अतिरिक्त ग्लूकोज से छुटकारा पाने की कोशिश कर रहा है।

**अधिक प्यास लगना**
बार–बार पेशाब आने से निर्जलीकरण हो सकता है, जिससे प्यास बढ़ सकती है। मधुमेह से पीड़ित लोगों को पानी पीने के लिए आधी रात में जागना पड़ सकता है।

**रात को पसीना आना**
डायबिटीज वाले लोगों को रात में पसीना आने का अनुभव हो सकता है, जो निम्न रक्त शर्करा स्तर (हाइपोग्लाइसीमिया) के कारण होता है। रात में पसीना आने के साथ अन्य लक्षण भी हो सकते हैं जैसे कंपकंपी, तेज दिल की धड़कन और भ्रम।

**नींद बाधित होना**
डायबटीज वाले लोगों को सोने या सोते रहने में कठिनाई हो सकती है। यह कई कारकों के कारण हो सकता है, जिसमें डायबिटीज न्यूरोपैथी (तंत्रिका क्षति), बार–बार पेशाब आना और स्लीप एपनिया (एक नींद विकार जिसके कारण नींद के दौरान सांस रुक जाती है और शुरू हो जाती है) से होने वाला दर्द शामिल है।

**त्वचा में खुजली होना**
हाई ब्लड शुगर लेवल की वजह से त्वचा में सूखापन और खुजलीदार हो सकती है, जो रात में विशेष रूप से परेशान करने वाली हो सकती है। यदि आप इनमें से किसी भी लक्षण का अनुभव कर रहे हैं, तो उचित निदान और उपचार के लिए अपने डॉक्टर से मिलना जरूरी है।



## काजू–बादाम से ज्यादा ताकत लेकर बैठा है ये देसी फल

बात जब सबसे पावरफुल फ्रूट्स, ड्राई फ्रूट्स या नट्स की होती है, तो काजू, बादाम और अखरोट को सबसे ताकतवर माना जाता है। इसमें कोई शक नहीं है कि इन चीजों में सेहत के लिए सभी जरूरी पोषक तत्व होते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कई ऐसे नट्स हैं जिनके बारे में लोग कम जानते हैं और उनमें काजू और बादाम से ज्यादा ताकत होती है। हेजलनट्स में मोनोअनसैचुरेटेड फैट होते हैं, जो दिल के स्वास्थ्य के लिए अच्छे होते हैं। ये वसा खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम कर सकते हैं और अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ा सकते हैं, जिससे दिल की बीमारियों का खतरा कम हो सकता है। हेजलनट्स में विटामिन ई होता है, जो एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है। यह कोशिकाओं को मुक्त कणों से बचा सकता है, जो कैंसर के कोशिकाओं के विकास को ट्रिगर कर सकते हैं। हेजलनट्स में कैल्शियम, मैग्नीशियम और फास्फोरस होते हैं, जो हड्डियों की सेहत के लिए महत्वपूर्ण हैं। ये मिनरल हड्डियों को मजबूत और स्वस्थ रख सकते हैं और ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को कम कर सकते हैं। हेजलनट्स में विटामिन ई और बी विटामिन्स होते हैं, जो त्वचा की सेहत के लिए महत्वपूर्ण हैं। विटामिन ई त्वचा को मुलायम और हाइड्रेटेड बनाए रख सकता है, जबकि बी विटामिन्स त्वचा की मरम्मत में मदद कर सकते हैं।

## रात में सोने से पहले खाएं ये फूड्स, वजन घटाने में होगी मदद

इससे न केवल रात की नींद डिस्टर्ब होती है, बल्कि यह आपको कुछ भी अनहेल्दी खाने के लिए मजबूर कर सकती है। जिससे वजन बढ़ने लगता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि रात में बिस्तर पर सोने जाने से पहले हेल्दी भोजन किया जाए, तो वजन घट सकता है। बस इसके लिए आपको लो कैलोरी फूड का सेवन करना होगा। आपकी मदद के लिए यहां ऐसे 6 फूड्स के बारे में बताया है, जिन्हें सोने से पहले खाने पर आपकी वेटलॉस जर्नी काफी आसान हो जाएगी। अगर आपको रात मे सोने से पहले खाने की आदत है, तो ग्रीन योगर्ट खाना शुरू कर दें। यह प्रोटीन से भरपूर है। एक कप ग्रीक योगर्ट में 15–20 ग्राम प्रोटीन होता है। यह आपकी नाइट क्रेविंग को तो कम करेगा ही साथ ही आपको भरा हुआ भी महसूस कराएगा। इसे खाने के बाद आप एक अच्छी नींद ले सकते हैं, क्योंकि ग्रीक योगर्ट में अमीनो एसिड ट्रिप्टोफैन होता है, जो नींद को बढ़ावा देता है। वजन कम करने के लिए बादाम खाना अच्छा माना गया है।

## सालों पुरानी बात भी याद रहेगी अगर खाएंगे ये फूड्स



अब तक आपने कई प्रकार की डायट के बारे में पढ़ा और सुना होगा, लेकिन आज आपको ऐसी डायट के बारे में बताएंगे, जो आपके माइंड को बूस्ट करने और मेमोरी को बढ़ाने के साथ बढ़ती उम्र के कारण होने वाले ब्रेन हेल्थ को भी कमजोर होने से रोकती है। डिमेंशिया के मरीजों के लिए भी यह डाइट काफी प्रभावकारी है। इस डाइट को फॉलो करने अपनी दिमागी क्षमता को मजबूत बनाने के साथ बढ़ाया भी जा सकता है। माइंड डाइट आपके पूरे स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। हाई प्रोटीन वाले साबूत अनाज जैसे कि दलिया, चना, मूंग और बाजरे का सेवन दिमाग के लिए भी फायदेमंद हो सकता है। इनमें प्रोटीन के साथ–साथ फाइबर, विटामिन, मिनरल्स और ऑक्सीडेंट्स भी होते हैं। यह आपकी सेहत के लिए अच्छा है। सप्ताह में एक बार फैटी फिश जैसे कि साल्मन, सार्डिनेस या टूना आदि खाएं। इनमें ओमेगा–3 फैटी एसिड्स की अधिक मात्रा पाई जाती है। यह विटामिन डी और अन्य मिनरल्स का भी अच्छा स्रोत है, जो आपके साथ दिमाग के साथ हदया स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है। बीन्स, दाल और सोयाबीन इस डाइट का महत्वपूर्ण हिस्सा है, क्योंकि इसमें उच्च मात्रा में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स पाए जाते हैं। हफ्ते में कम से कम चार बार इनका सेवन जरूर करें।

# खाने के बाद भूलकर भी ना करें ये गलतियां

*खाने में कई सारे पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर के लिए बहुत ज्यादा जरूरी हैं। इनमें प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन बी12, फाइबर का काफी अहम रोल होता है। मगर भोजन के बाद कुछ गलतियां करने से ये पोषक तत्व मिलने बंद हो सकते हैं। डाइटिशियन मानसी बताती हैं कि भोजन के बाद कुछ काम नहीं करने चाहिए। यह गलत आदतें हैं, जिनसे आपको तुरंत दूर हो जाना चाहिए। इनमें से कुछ चीजें आपको हेल्दी भी लग सकती हैं, मगर नुकसान पहुंचाती हैं।*

**मिठाई या चॉकलेट**
भोजन के बाद मीठा खाने में अलग ही मजा आता है। मगर यह आपके ब्लड ग्लूकोज को तेजी से बढ़ा सकता है। इसकी जगह ब्लड शुगर कंट्रोल करने और क्रेविंग खत्म करने के लिए डार्क चॉकलेट का एक टुकड़ा या नेचुरल स्वीटनर चुनें।

**चाय-कॉफी**
खाने के बाद चाय या कॉफी का एक कप कई लोगों के लिए आदत की तरह हो सकता है। लेकिन चाय और कॉफी में मौजूद टैनिन खाने के पोषक तत्वों के अवशोषण में रुकावट डाल सकते हैं। इसकी जगह हर्बल टी को चुन सकते हैं।

**फल या जूस**
फल खाना हेल्दी हैं, लेकिन भोजन के तुरंत बाद इनका सेवन आपके डायजेस्टिव सिस्टम पर लोड डाल सकता है। इससे मील का ग्लाइसेमिक लोड बढ़ता है और खाने के बाद शुगर स्पाइक होता है। न्यूट्रिएंट्स का पूरा फायदा उठाने के लिए मील के बीच स्नैक की तरह फ्रूट खाएं।



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



**ज्यादा पानी पीना**
हाइड्रेट रहना जरूरी है, मगर भोजन के तुरंत बाद बहुत अधिक पानी पीने से डायजेस्टिव एंजाइम कमजोर हो सकते हैं। इससे पोषक तत्वों का अवशोषण कम होता है। हाइड्रेट रहने के लिए पूरे दिन पानी पीते रहें और भोजन के बीच हाइड्रेट करने का टारगेट रखें।

**नींद लेना**
खाना खाने के बाद एक तेज झपकी आती है, लेकिन इसके तुरंत बाद लेटने से एसिड रिफ्लक्स और अपच हो सकता है। डायजेशन बढ़ाने के लिए खाने के बाद टहलने की आदत डालें।




अब अपने आखिरी पड़ाव से गुजर रहा विश्वकप

वर्ल्ड कप 2023 अब अपने आखिरी पड़ाव से गुजर रहा है। टूर्नामेंट की चार सेमीफाइनलिस्ट टीमें तय हो चुकी है। पहला सेमीफाइनल मेजबान भारत और न्यूजीलैंड के बीच 15 नवंबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। दूसरा सेमीफाइनल साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच 16 नवंबर को कोलकाता के ईडन गार्डंस में होगा। फाइनल मैच 19 नवंबर को दुनिया के सबसे बड़े नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में होगा। भारत को लीग राउंड में अपना आखिरी मैच नीदरलैंड्स से खेलना है।

## अबतक 10 लाख लोग पहुंचे स्टेडियम, बनने वाला है नया रिकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अहमदाबाद। इस विश्व कप को अब तक 10 लाख से ज्यादा लोग स्टेडियम में देख चुके हैं और यह आईसीसी के इतिहास में स्टेडियम में सबसे ज्यादा दर्शकों की मौजूदगी वाला टूर्नामेंट बनने की राह पर है। आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि अभी टूर्नामेंट में छह मैच बाकी हैं और यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के मैच में दस लाख दर्शकों का आंकड़ा छू लिया गया है। टूर्नामेंट ने डिजिटल और अलग अलग प्लेटफॉर्म पर देखे जाने के कई रिकॉर्ड पहले ही तोड़ दिए हैं। आईसीसी के इवेंट प्रमुख क्रिस टेटली ने कहा, 'दस लाख से अधिक दर्शक संख्या और रिकॉर्डतोड़ दर्शकों के चलते आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 ने वनडे प्रारूप में दर्शकों की रूचि और विश्व कप की लोकप्रियता की बानगी पेश की है। नॉकआउट चरण में और रिकॉर्ड टूटने की उम्मीद है।' बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने इस खास मौके पर फैंस, राज्य संघों और टूर्नामेंट के हर हितधारक को उनकी कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद दिया है। जय शाह ने कहा, श्हमारी सोच इस टूर्नामेंट को अब तक का सबसे महान वर्ल्ड कप बनाना था और मुझे खुशी है कि हमने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। अब हम नॉकआउट राउंड की तरफ पहुंच रहे हैं। अभी सर्वश्रेष्ठ आना बाकी है।

# वर्ल्डकप को लेकर एबीडी ने की बड़ी भविष्यवाणी

**क्रिकेट**

## साउथ अफ्रीका इस बार चोकर्स का दाग धोने में रहेगी सफल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वर्ल्ड कप 2023 धीरे-धीरे अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। रविवार को लीग स्टेज के सभी मैच खत्म हो जाएंगे। भारत, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका पहले ही सेमीफाइनल का टिकट हासिल कर चुके हैं। इस बीच, साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने उन दो टीमों के नाम बता दिए हैं, जो विश्व कप के फाइनल में भिड़नी वाली हैं।

एबी डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा है कि वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल मुकाबला भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। मिस्टर 360 का मानना है कि साउथ अफ्रीका इस बार चोकर्स का दाग धोने में सफल रहेगी और टीम इंडिया को




हराकर खिताब को अपने नाम करेगी। डिविलियर्स ने कहा, इस सवाल का जवाब मैं पहले भी दे चुका हूं। मेरे हिसाब से भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। हालांकि, उस रात को मैं मैच नहीं देखूंगा, बल्कि चैन से सोना पसंद करूंगा। डिविलियर्स ने कहा कि वह उम्मीद करते हैं साउथ अफ्रीका अपना पहला खिताब इस बार जीतने में सफल रहेगी।

टीम इंडिया का प्रदर्शन वर्ल्ड कप 2023 में बेहद शानदार रहा है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने अभी तक खेले सभी आठ मैचों में जीत का स्वाद चखा है। बल्लेबाजी में रोहित टीम को दमदार शुरुआत देने में सफल रहे हैं, तो विराट कोहली ने अच्छी शुरुआत को अंजाम तक पहुंचने का काम किया है। गेंदबाजी में बुमराह और शमी की जोड़ी बल्लेबाजों के लिए काल साबित हो रही है। रही-सही कसर कुलदीप यादव और जडेजा की स्पिन जोड़ी पूरी कर रही है।

टेंबा बावुमा की कप्तानी में साउथ अफ्रीका का प्रदर्शन भी उम्दा रहा है। अपना आखिरी वनडे वर्ल्ड कप खेले रहे क्विंटन डिकॉक टूर्नामेंट में 550 से ज्यादा रन बना चुके हैं। रैसी वेन डर डुसेन का भी बल्ला सही समय पर बोला है। एडम मार्करम और हेनरिक क्लासन आखिरी के ओवरों में टीम को बड़े टोटल तक पहुंचने में सफल रहे हैं। गेंदबाजी में मार्को जेनसन ने अपना काम बखूबी किया है, तो स्पिन विभाग में केशव महाराज भी प्रभावशाली रहे हैं।

# जो ऐसा व्यवहार करेगा उसे सूद समेत वापस भी लौटाया जाएगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने श्रीलंका के खिलाफ न्यूजीलैंड को जीत मिलने के बाद एक ट्वीट किया था। न्यूजीलैंड की जीत की वजह से पाकिस्तान के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद लगभग खत्म हो गई थी। सहवाग ने बाय-बाय पाकिस्तान का एक ग्राफिक्स शेयर करते हुए लिखा- पाकिस्तान जिंदाभाग। घर वापसी के लिए सुरक्षित उड़ान हो। इसके बाद सहवाग को कई लोगों ने ट्रोल किया। अब सहवाग ने लंबा पोस्ट डालकर सभी को जवाब दिया है।

वीरेंद्र सहवाग ने इस बार पिछले साल 10 नवंबर को स्क्रीनशॉट शेयर किया। उसी दिन भारतीय टीम इंग्लैंड से हारकर टी20 वर्ल्ड कप से बाहर

### ट्वीट पर सवाल उठाने वालों को सहवाग ने दिया करारा जवाब

हुई थी। तब पाकिस्तानी भारत को मजाक बना रहे थे। उसके नीचे लिखा है- प्रत्येक क्रिया की बराबर और विपरीत प्रतिक्रिया होती है। सहवाग ने अपने कैप्शन में लिखा, 21वीं सदी में 6 वनडे वर्ल्ड कप हो चुके हैं। 6 प्रयासों में, 2007 में केवल एक बार हम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए और पिछले 6 विश्व कप में से 5 में हम क्वालीफाई कर पाए हैं। दूसरी ओर पाकिस्तान 2011 में 6 प्रयासों में केवल एक बार सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सका है।

सहवाग ने आगे लिखा- वे आईसीसी और बीसीसीआई पर गेंदों और पिच को बदलने जैसे हास्यास्पद आरोप लगाते हैं। जब उन्हें हराने के बाद जब किसी अन्य टीम से हार जाते हैं तो उनके प्र ाानमंत्री हमारा मजाक उड़ाते हैं। यहां पहुंचने पर उनके खिलाड़ियों ने हमारे सैनिक का मजाक उड़ाने के लिए हैदराबाद में चाय का आनंद लेने की फोटो पोस्ट करते हैं।

सहवाग ने लिखा कि जो अच्छा है वो उसके साथ अच्छे हैं और जो ऐसा व्यवहार करेगा उसे सूद समेत वापस भी लौटाया जाएगा। वीरू ने लिखा, पीसीबी प्रमुख कैमरे पर हमारे देश को दुश्मन मुल्क कहते हैं। और वे अपनी नफरत के बदले प्यार की उम्मीद करते हैं। और उपदेश देने वालों हमेशा दोतरफा रास्ता होता है। जो अच्छा व्यवहार करे उसके साथ हम बहुत अच्छे हैं, और जो ऐसा व्यवहार करे तो सही मौके पर सूद समेत लौटाना ही मेरा तरीका है। मैदान पर भी, मैदान के बाहर भी।

## हमने वर्ल्ड क्रिकेट को संदेश दे दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अफगानिस्तान का वर्ल्ड कप 2023 सफर शुक्रवार को अहमदाबाद में समाप्त हो गया। 245 रनों का पीछा करते हुए, दक्षिण अफ्रीका ने 47.3 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। अफगानिस्तान ने इस बार वर्ल्ड कप में चार मैच जीते। टीम के प्रदर्शन से कप्तान हश्मतुल्लाह शहीदी ने खिलाड़ियों की प्रशंसा की। मैच के बाद शहीदी ने कहा, एक कप्तान के तौर पर मुझे अपनी टीम के प्रदर्शन पर गर्व है। हम हर मैच में अंत तक लड़े। यह हमारे लिए बड़ी सीख है। इस टूर्नामेंट में हमारे बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। इस टूर्नामेंट से पहले हमारे बल्लेबाज संघर्ष कर रहे थे। हम भविष्य में इसी टूर्नामेंट के मोमेंटम को आगे ले जाने की कोशिश करेंगे। शहीदी ने आगे कहा, श्हमने अपने प्रदर्शन से दुनिया को एक संदेश दिया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले का नतीजा टीम और निजी तौर पर मेरे लिए चौंकाने वाला रहा था। हालांकि, हम इन चीजों ने सीखने का प्रयास करेंगे और भविष्य में एक बेहतर क्रिकेट खेलने की कोशिश जारी रखेंगे।

## न्यूज डायरी



### बल्लेबाज करेंगे तांडव या गेंदबाजों का होगा राज?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 में एकमात्र ऐसी टीम है जो अब तक एक भी मुकाबला नहीं हारी है। टीम इंडिया ने अब तक खेले गए 8 में से 8 मुकाबले जीते हैं। वहीं अब उनका आखिरी लीग स्टेज मुकाबला 12 नवंबर को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। टीम इंडिया अपना अंतिम मैच नीदरलैंड्स के खिलाफ खेलेगी। रोहित सेना सेमीफाइनल में जीत के साथ ही जाना चाहेगी। वहीं दूसरी ओर नीदरलैंड्स अपना अभियान भी जीत के साथ खत्म करना चाहेगी। दोनों टीमों के बीच एक रोचक मैच हो सकता है। तो आइये ऐसे में जानते हैं कि भारत-नीदरलैंड्स के बीच होने वाले मुकाबले में पिच का मिजाज कैसा रहने वाला है। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल रहती है। इस मैदान पर बल्लेबाज खूब रन बनाते हैं। यहां पिच पर बाउंस अच्छा देखने को मिलता है, जिसके चलते गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आती है। इतना ही नहीं बल्कि छोटा मैदान होने की वजह से चौकों-छक्कों की बारिश भी जमकर देखने को मिलती है। हालांकि जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता है, गेंदबाजों को भी थोड़ी मदद मिलती है। एक हाई स्कोरिंग मैच होने की पूरी संभावना रहेगी।

### सेमीफाइनल से पहले टीम इंडिया में होगा बड़ा बदलाव!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम का प्रदर्शन मौजूदा आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 में अब तक सातवें आसमान पर रहा है। 8 में से 8 मुकाबले जीतने के बाद टीम इंडिया 16 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है। भारत सेमीफाइनल के लिए भी क्वालिफाई कर गया है। अब उनका सामना अपने आखिरी लीग स्टेज मुकाबले में नीदरलैंड्स से है। डच टीम के खिलाफ रोहित सेना में कुछ बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। भारतीय टीम इन 3 स्टार खिलाड़ियों को आराम दे सकती है। भारतीय टीम के स्टार ओपनर शुभमन गिल मौजूदा वर्ल्ड कप में अच्छा कर रहे हैं। हालांकि गिल को भारतीय मैनेजमेंट सेमीफाइनल जैसे बड़े मुकाबले से पहले आराम दे सकती है। भारतीय टीम के तेज गेंदबाजी युनिट की जान जसप्रीत बुमराह भी नीदरलैंड्स के खिलाफ बेंगलुरु में आराम करते हुए नजर आ सकते हैं। उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा को मौका मिल सकता है। बता दें कि अगर कृष्णा यह मैच खेले तो उनका यह वर्ल्ड कप में डेब्यू मैच होगा। बुमराह ने अब तक इस वर्ल्ड कप में खेले गए 8 मैचों में 15 विकेट लिए हैं। भारतीय टीम के जादुई लेफ्ट आर्म चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव भी नीदरलैंड्स के खिलाफ टीम से बाहर हो सकते हैं। उनकी जगह दिग्गज रविचंद्रन अश्विन को मौका मिल सकता है।

### मशवरा देना है तो नंबर सभी के पास हैं, टीवी पर बैठकर बोलना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम वर्ल्ड कप 2023 से बाहर होने की कगार पर खड़ी है। इंग्लैंड के खिलाफ अपने आखिरी मुकाबले में बाबर आजम एंड कंपनी को सेमीफाइनल का टिकट हासिल करने के लिए किसी चमत्कार की दरकार है। टीम के खराब प्रदर्शन को लेकर कप्तान बाबर की हर तरफ जमकर आलोचना हो रही है। पाकिस्तान के कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों ने ही बाबर को आड़े हाथों लिया है। इस बीच, इंग्लैंड के खिलाफ मैच से पहले बाबर ने सभी आलोचकों को करारा जवाब दिया है। बाबर आजम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बातचीत करते हुए आलोचकों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, श्हर बंदा एक अलग बात कर रहा है कि इसको ऐसे होना चाहिए या ऐसे होना चाहिए। अगर किसी ने मुझे मशवरा देना भी है, तो नंबर तो सभी के पास होते हैं। टीवी पर बैठकर मशवरा देना ज्यादा आसान होता है। किसी ने अगर मशवरा देना है, तो वह मैसेज भी कर सकते हैं। पाकिस्तान का प्रदर्शन वर्ल्ड कप 2023 में बेहद निराशाजनक रहा। टीम ने टूर्नामेंट का आगाज लगातार दो धमाकेदार जीत के साथ किया था। हालांकि, इसके बाद टीम को अपने अगले चार मैचों में हार का मुंह देखना पड़ा। बाबर की सेना को अफगानिस्तान ने भी पटखनी दी। इसके बाद टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज करते हुए हार के क्रम को तोड़ा और फिर अहम मैच में न्यूजीलैंड को धूल चटाई। इसके बावजूद भी टीम के अभी सिर्फ आठ ही पॉइंट हैं और टीम नेट रनरेट में भी बहुत पीछे हैं।

पेज थ्री देहरादून

माँ गंगा में स्नान व अभिषेक कर मनाया रूप चतुर्दशी का पर्व।

देहरादून, रविवार, 12 नवंबर 2023 पेज 8

हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### यूसीसी को राज्य के बजाय देश में लागू कराए सरकार

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस ने समान नागरिक संहिता को उत्तराखंड के बजाय पूरे देश में लागू करने का सुझाव दिया है। कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा कि यदि यूसीसी देश के लिए इतनी ही जरूरी है तो फिर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को इसे केंद्र सरकार के जरिए देशभर में लागू करवाना चाहिए। गरिमा ने कहा यूसीसी केंद्र का मुद्दा है और यदि भविष्य में केंद्र सरकार देश में यूसीसी लाती है तो फिर इस स्थिति में उत्तराखंड में यूसीसी की कवायद बेमानी साबित हो जाएगी। माहरा ने कहा कि सरकार ने सरकार ने यूसीसी का ड्राफ्ट अब तक विपक्ष के साथ साझा नहीं किया है। जबकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष तीन बार इसके लिए मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिख चुके हैं।

### दीपावली पर जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रवासियों को दी बधाई

**संवाददाता** ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश में छोटी दीपावली धूमधाम से मनाई गई। दीपावली पर जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र में घुम घुम कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी। शनिवार को कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने दीपावली पर्व पर नगर के मुख्य बाजारों में पहुंच कर स्थानीय व्यापारियों, खरीददारी करने आए लोगों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने व्यापारियों, फूल विक्रेताओं, पटाखा व्यापारियों एवं खरीदारी को पहुंचे लोगों से उनकी कुशल क्षेम जानी। उन्होंने कहा कि लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देते हुए स्थानीय लोगों द्वारा हाथ से निर्मित दीप भी खरीदे। दीपावली पर्व पर सभी लोगों के जीवन में खुशहाली, सुख–समृद्धि और उन्नति लाए।

### सेवा के अधिकार के दायरे में आएंगी सभी डीबीटी सेवाएं

**संवाददाता** देहरादून। समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण और हित में प्रदेश सरकार के कई विभागों से संचालित हो रहीं सभी 181 प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) सेवाएं समय पर उपलब्ध कराने के लिए इन्हें सेवा के अधिकार अधिनियम के दायरे में लाया जाएगा। सचिव सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी शैलेश बगौली ने सभी विभागों से इस संबंध में शीघ्र प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं। कई विभागों ने एक सप्ताह के भीतर प्रस्ताव भेजने का आश्वासन दिया है।

### स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**संवाददाता** ऋषिकेश। रायवाला पुलिस ने नशा तस्करी में संलिप्त एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की पहचान विवेक पुत्र ओमचंद निवासी पत्थर प्लाट, देहरादून के रूप में की है। एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया था।

# निवेश को बढ़ावा देने के लिए नीतियों में सरलीकरण की जरूरत: सीएम

**बैठक**

■ रोजगार सृजन को बढ़ाने के लिए सीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में राज्य के विकास कार्यों में तेजी लाने एवं रोजगार सृजन को बढ़ाने के लिए शासन के उच्च स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत अब तक हुए रोड शो में जो करार हुए हैं, उन करारों की ग्राउंडिंग के लिए तेजी से कार्य किये जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि देहरादून में 08 और 09 दिसम्बर 2023 को होने वाले आयोजन से पहले अधिकांश कार्य धरातल पर उतरें, इसके लिए तेजी से कार्य किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए नीतियों में और सरलीकरण की जरूरत है, तो इसके लिए प्रस्ताव



लाये जाएं। राज्य में जिन निवेश प्रस्तावों से अधिक रोजगार सृजन हो सकता है और राज्य की परिस्थितियों के हिसाब से जो प्रस्ताव अधिक अनुकूल हैं, उनको शीर्ष प्राथमिकता दी जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए हवाई कनेक्टिविटी को और विस्तार देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जॉलीग्रांट एयरपोर्ट और पंतनगर एयरपोर्ट को अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाने की दिशा में राज्य स्तर से की जाने वाली समस्त कार्यवाही शीघ्र की जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि पिथौरागढ़ के नैनीसैनी हवाई पट्टी से नियमित हवाई सेवा संचालित करने के लिए की जा रही कार्यवाही में तेजी लाई जाए। इन सभी गतिविधियों में फास्ट ट्रेक मोड में कार्य किया जाए। राज्य में रोपवे निर्माण से संबधित कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि 28 नवम्बर से 01 दिसम्बर 2023 तक देहरादून में होने वाले 06वें विश्व आपदा प्रबंधन सम्मेलन की सभी तैयारियां समय पर सुव्यवस्थित तरीके से की जाएं। उन्होंने कहा कि राज्य में आपदा प्रबंधन की दृष्टि से यह बड़ा आयोजन होना है। अनेक देशों से आपदा प्रबंधन से जुड़े विशेषज्ञ इस आयोजन में प्रतिभाग करेंगे। उत्तराखंड को वैश्विक स्तर पर एक अलग पहचान बनाने का राज्य के पास अच्छा अवसर है। मुख्यमंत्री ने आने वाले त्योहारों के दृष्टिगत कानून व्यवस्था की समीक्षा भी की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि कानून व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, आनन्द बर्द्धन, सचिव आर.मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, विनय शंकर पाण्डेय, एस.एन. पाण्डेय, अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी. अंशुमन, अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान, युगल किशोर पंत, सी. रविशंकर, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, महानिदेशक यू कॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत, अपर सचिव जे.सी कांडपाल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मास्टर प्लान पर तेजी से कार्य किये जाए: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसखण्ड मन्दिर माला मिशन के मास्टर प्लान पर तेजी से कार्य किये जाएं। राज्य में गढ़वाल मंडल और कुमाऊं मण्डल आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत दोनों मण्डलों में कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए भी तेजी से कार्य किये जाएं। मानसखण्ड मन्दिर माला मिशन के तहत प्रथम चरण में चयनित मंदिरों के लिए मास्टर प्लान के आधार पर कार्यों में तेजी लाई जाय।

# दीपावली पर मैदानों में शुष्क रहेगा मौसम

**मौसम**

■देहरादून और मसूरी समेत प्रदेशभर में मौसम ने करवट बदली

**संवाददाता**

**बारिश के बाद मैदानी इलाकों में लुढ़का पारा**

देहरादून और मसूरी समेत प्रदेशभर में मौसम ने करवट बदली। देहरादून–मसूरी समेत आसपास के इलाकों में जहां बूंदाबांदी हुई और पूरे दिन बादल छाए रहे, वहीं पहाड़ी इलाकों में कुछ जगह बर्फबारी हुई। इस वजह से तापमान में गिरावट देखने को मिली। देहरादून में 24 घंटे के भीतर 4.2 डिग्री तापमान गिर गया। जहां गुरुवार को अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री रहा, वहीं शुक्रवार को यह 24.6 डिग्री तक आ गया। दून में सुबह 11 बजे के बाद बादल छा गए थे।

देहरादून। उत्तराखंड मौसम पूर्वानुमान में दिवाली के दिन बड़ा अपडेट सामने आया है। आईएमडी की ओर से कुछ जिले में बारिश और बर्फबारी का पूर्वानुमान जारी किया गया है। जबकि, केदारनाथ में तीसरे दिन भी बर्फबारी का सिलसिला जारी रहा। उधर, यमुनोत्री मंदिर परिसर सहित ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हुई। उत्तराखंड मौसम पूर्वानुमान में बारिश और बर्फबारी पर बड़ा अपडेट सामने आया है।

मौसम विभाग के अनुसार, कुछ जिलों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। दिवाली पर चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़ के ऊंचाई वाले स्थानों पर हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है। राहत की बात यह रहेगी कि प्रदेश के मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा।

बर्फबारी के बाद पूरे क्षेत्र में ठंड बढ़ गई है। यमुनोत्री में बर्फबारी देखने को मिली। ऐसे में बढ़ी ठंड से बचने के लिए लोगों ने गर्म कपड़े और हीटर का सहारा लेना शुरू कर दिया है। इस बीच यमुनोत्री यात्रा पर आए तीर्थयात्रियों ने बारिश के बीच हुई बर्फबारी का खूब लुत्फ उठाया। उधर, केदारनाथ



में तीसरे दिन भी बर्फबारी हुई। इससे केदारनाथ में पुर्ननिर्माण कार्य प्रभावित हुए। देहरादून, चकराता और विकासनगर में बूंदाबांदी और हल्की बारिश हुई।

देर शाम में भी बूंदाबांदी हुई। पर्यटन नगरी मसूरी में भी सर्दी बढ़ने से लोगों को गर्म कपड़े पहनने पड़े। बूंदाबांदी से बाजार पहुंचे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। बारिश के बाद मैदानी इलाकों में भी पारा लुढ़का है।

### राज्यपाल से मिला लद्दाख के छात्रों का दल

**संवाददाता** देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से शनिवार को राजभवन में 'राष्ट्रीय एकता यात्रा' पर आए लद्दाख क्षेत्र की हनु आर्यन घाटी के छात्र–छात्राओं ने भेंट की। भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सद्भावना' के तहत आयोजित इस राष्ट्रीय एकता यात्रा में कुल दो शिक्षक और 25 छात्र–छात्राएं शामिल हैं। देश के कई हिस्सों का भ्रमण के बाद यह दल उत्तराखंड पहुंचा है। राज्यपाल ने छात्रों को उनके करियर के लिए शुभकामनाएं देते हुए, इस आयोजन के लिए 191 फील्ड यूनिट के प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल ने बातचीत के दौरान छात्र–छात्राओं को राष्ट्रीय एकता के लिए प्रेरित किया साथ ही राष्ट्र निर्माण में बढ़–चढ़कर योगदान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शैक्षिक यात्रा बेहतर नौकरियां और करियर हासिल करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।